सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से मोंटाना (अमेरिका) से सांस्कृतिक एवं शैक्षिक आदान-प्रदान हेतु भारत आए छात्र प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की

लखनऊ : 08 जुलाई, 2025 प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी से आज राजभवन, लखनऊ में अमेरिका के मोंटाना राज्य से आए छात्र प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। यह प्रतिनिधिमंडल "मोंटाना वर्ल्ड अफेयर्स काउंसिल" और "कौंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया, सिएटल" के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक एवं शैक्षिक आदान-प्रदान हेतु भारत यात्रा पर आया है। इसमें सात हाई स्कूल छात्र एवं तीन अधिवेक्षक (चैपरोंस) शामिल हैं, जिन्होंने मोंटाना स्टेट यूनिवर्सिटी एवं यूनिवर्सिटी ऑफ मोंटाना, मिसूला में आयोजित इकोनोक्वेस्ट-2025 और अकादमिक वर्ल्डक्वेस्ट-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।

राज्यपाल जी से हुई संवादात्मक चर्चा में प्रतिनिधिमंडल ने भारत की सुदृढ़ एवं समृद्ध शिक्षा व्यवस्था की विशेष सराहना की। उन्होंने भारत में महिलाओं के सतत विकास एवं सशक्तिकरण को अत्यंत प्रेरणादायक बताया।

राज्यपाल जी ने कहा कि भारत सरकार की योजनाओं से महिलाएं तेजी से शिक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक हो रही हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में प्रायः स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में छात्राओं की संख्या अधिक होती है।

राज्यपाल जी ने प्रतिनिधिमंडल को भारत की प्राचीन लिपियों और शिलालेखों की परंपरा से भी अवगत कराया। उन्होंने मोहनजोदड़ो की खुदाई में प्राप्त सभ्यता के अवशेषों की जानकारी देते हुए बताया कि भारत में प्राचीन काल से ही संगठित नगर नियोजन और शिक्षा की समृद्ध परंपरा रही है। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख करते हुए बताया कि यह ज्ञान का अद्वितीय केंद्र था, जहां देश-विदेश से हजारों विद्यार्थी अध्ययन हेतु

आते थे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नालंदा विश्वविद्यालय की पुनर्स्थापना इस गौरवशाली विरासत को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राज्यपाल जी ने कहा कि भारत में महिलाएं आज कृषि, पशुपालन, पुलिस सेवा, प्रशासन, राजनीति, शिक्षा, चिकित्सा एवं विज्ञान सहित विविध क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की उपस्थिति सशक्त नेतृत्व का प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने बताया कि भारत में महिलाएं पुरुषों के समान वेतन प्राप्त करती हैं और संयुक्त परिवार की सामाजिक संरचना उन्हें सहयोग प्रदान करती है।

राज्यपाल जी ने महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु विश्वविद्यालयों में आयोजित गतिविधियों, सम्मेलनों एवं उनके दूरगामी प्रभावों की भी जानकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ साझा की।

संपर्क सूत्रः
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0 9161668080